गणपति बप्पा के स्वागत को तैयार भोपाल, सजे भव्य पंडाल

# कल से गूंजेगा 'गणपति बप्पा मोरया'

## पंडालों में सीसीटीवी अनिवार्य, कल 11.02 से 1.31 बजे तक स्थापना का शुभ मुहूर्त

सच प्रतिनिधि ।। भोपाल



गणपति बप्पा के स्वागत के लिए भोपाल तैयार है अब कल से अगले कई दिनों तक पंडालों की रौनक, भक्ति के रंग और 'गणपति बप्पा मोरया' के जयघोष का माहौल देखने को मिलेगा। बप्पा के स्वागत की तैयारियां चरम पर पहुंच गई हैं। गणेश चतुर्थी को लेकर चौतरफा उत्साह का माहौल है। प्रमुख इलाकों में आकर्षक पंडाल और झांकियां सजकर तैयार हैं। बाजारों में गणेश प्रतिमाओं की खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ उमड़ रही है।

रों से लेकर सार्वजनिक पंडालों तक 'गणपति बप्पा मोरया' के जयघोष की गूंज सुनाई देने लगी है। गणेशोत्सव को लेकर एमपी नगर,कोलार, विट्ठन मार्केट, नेहरू कॉलोनी, न्यू मार्केट और शिवाजी नगर 5 नंबर स्टॉप, साकेत नगर , बरखेड़ा, पिपलानी, आनंद नगर , करोंद, बैरागढ़ समेत शहर के कई इलाकों में बड़े और आकर्षक पंडाल तैयार किए गए हैं। इन पंडालों में विशाल और मनमोहक गणेश प्रतिमाएं स्थापित की जाएंगी। पंडाल समितियों ने सजावट, रोशनी और झांकियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है।

गणेशोत्सव के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। सार्वजनिक गणेश पंडालों में सीसीटीवी कैमरे लगाना अनिवार्य किया गया है। इसके जरिए भीड़, संदिग्ध गतिविधियों और असामाजिक तत्वों पर नजर रखी जा सकेगी। पंडालों में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए समितियां भी तैयारी कर रही हैं।

भोपाल के स्थानीय मूर्तिकारों ने इस बार मिट्टी और पर्यावरण-अनुकूल सामग्री से बनी गणेश प्रतिमाओं को आकर्षक रूप दिया है। छोटी से लेकर विशाल प्रतिमाओं तक की बुकिंग पहले से की जा रही है। बाजारों में प्रतिमाएं खरीदने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ने लगी है। लोगों में पर्यावरण संरक्षण को लेकर जागरूकता के चलते इको-फ्रेंडली प्रतिमाओं की मांग भी बढ़ी है। गणेश चतुर्थी पर बप्पा की स्थापना के लिए कल सोमवार को मध्याह्न पूजा का शुभ मुहूर्त सुबह 11.02 बजे से दोपहर 1.31 बजे तक रहेगा। घरों और पंडालों में इसी दौरान विधि-विधान से गणपति की स्थापना की जाएगी। इसके साथ ही राजधानी में गणेशोत्सव की औपचारिक शुरुआत हो जाएगी।

# गरबा पंडालों में पंचगव्य के बाद प्रवेश की मांग दुर्गा प्रतिमा और सुबह-शाम आरती पर जोर

नवरात्रि शुरू होने से पहले शहर में गरबा आयोजनों को लेकर धार्मिक स्वरूप और आयोजन की व्यवस्थाओं पर बहस शुरू हो गई है। हिंदू उत्सव समिति और संस्कृति बचाव मंच ने गरबा आयोजकों से पंडालों में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित करने, सुबह-शाम आरती कराने और धार्मिक गीतों व भजनों के साथ गरबा आयोजित करने की अपील की है। समिति ने प्रवेश व्यवस्था को लेकर भी कई सुझाव दिए हैं।

समिति अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी ने कहा कि गरबा केवल मनोरंजन का कार्यक्रम नहीं, बल्कि मां की आराधना से जुड़ी परंपरा है। इसलिए प्रत्येक पंडाल में मां दुर्गा की प्रतिमा विधिवत स्थापित की जाए और सुबह-शाम आरती के बाद ही गरबा आयोजन किया जाए। समिति ने गरबा पंडालों के प्रवेश द्वार पर भगवान विष्णु के वराह अवतार की प्रतिमा स्थापित करने और प्रवेश से पहले उसका पूजन कराने की मांग की है। इसके बाद लोगों को पंचगव्य देकर प्रवेश देने की व्यवस्था का सुझाव दिया गया है।

तिवारी के अनुसार, पंचगव्य में दूध, दही, घी, गोबर और गोमूत्र शामिल होते हैं। उनका कहना है कि ऐसी व्यवस्था से गरबा आयोजनों में धार्मिक वातावरण और पारंपरिक स्वरूप को बढ़ावा मिलेगा। समिति ने आयोजकों से गरबा में धार्मिक गीतों और भजनों को प्राथमिकता देने की अपील की है। साथ ही आयोजन में किसी भी प्रकार की अश्लीलता और फूहड़ता नहीं होने की बात कही है। समिति का कहना है कि नवरात्रि नौ दिनों तक मां दुर्गा की आराधना का पर्व है और सार्वजनिक गरबा आयोजनों में भी इसी धार्मिक भावना को प्रमुखता मिलनी चाहिए।

हिंदू उत्सव समिति ने गरबा आयोजकों से धार्मिक स्वरूप बनाए रखने की अपील के साथ यह भी कहा है कि यदि पंडालों में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित नहीं की गई या नवरात्रि की परंपराओं की अनदेखी हुई तो समिति अपनी ओर से कार्रवाई करने के लिए बाध्य होगी। समिति के इन सुझावों के बाद नवरात्रि से पहले शहर में होने वाले गरबा आयोजनों में धार्मिक परंपराओं, प्रवेश व्यवस्था और आयोजन के स्वरूप को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं।

## हंसी-मजाक पर शुरू हुआ विवाद बहन-जीजा को बचाने पहुंचे युवक की पत्थर मारकर हत्या

**भोपाल।** अन्ना नगर में शुक्रवार रात हंसी-मजाक को लेकर शुरू हुआ मामूली विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। बहन और जीजा से गाली-गलौज और मारपीट का विरोध करने पहुंचे युवक के सिर पर आरोपितों ने पत्थर मार दिया। घटना के बाद युवक सामान्य चोट समझकर घर चला गया, लेकिन करीब दो घंटे बाद उसकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। गोविंदपुरा पुलिस ने मामले में सूरज, उसके भाई कबीर समेत छह आरोपितों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया है। सूरज और कबीर को हिरासत में लिया गया है, जबकि अन्य आरोपितों की तलाश की जा रही है।

पुलिस के अनुसार मृतक रितिक गौड़ (23) अन्ना नगर में रहता था और चाय की दुकान पर काम करता था। उसके घर के पास ही उसकी बहन और जीजा विजय रहते हैं। शुक्रवार रात करीब 10 बजे विजय और उनकी पत्नी घर के बाहर खड़े होकर आपस में बातचीत और हंसी-मजाक कर रहे थे। पास मौजूद पड़ोसी सूरज को शक हुआ कि दोनों उसी का मजाक उड़ा रहे हैं। इसी बात को लेकर उसने दंपती से गाली-गलौज शुरू कर दी। विजय और उसकी पत्नी ने विरोध किया तो विवाद बढ़ गया। आरोप है कि सूरज ने अपने साथियों के साथ दोनों के साथ मारपीट शुरू कर दी।

# पहले धमकी, फिर कारोबारी के घर के बाहर 10 राउंड फायरिंग

सच प्रतिनिधि ।। भोपाल

रातीबड़ थाना क्षेत्र के गोरेगांव में अवैध प्लॉटिंग की शिकायत करने वाले रियल एस्टेट कारोबारी संतोष सिंह तोमर (60) के घर के बाहर फायरिंग के मामले में अब धमकी, फायरिंग और वारदात के बाद जारी कथित दबाव की कड़ी सामने आई है। फरियादी पक्ष ने छह कथित ऑडियो रिकॉर्डिंग जारी की हैं, जिनमें एक व्यक्ति गाली-गलौज करते हुए भोपाल में काम नहीं करने की धमकी देता सुनाई दे रहा है। ऑडियो में वह खुद को मुरैना निवासी सौरभ चौहान बताता है और ग्वालियर से जमीन का काम करने आने की बात कहता है। हालांकि, ऑडियो में सुनाई दे रही आवाज, उसमें किए गए दावों और संबंधित व्यक्ति की भूमिका की स्वतंत्र पुष्टि अभी नहीं हुई है। फरियादी पक्ष के मुताबिक जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। इसी दौरान पहले फोन पर धमकियां दी गईं। कथित ऑडियो में जमीन के काम को लेकर कारोबारी को चुनौती देने और भोपाल में काम नहीं करने देने की बात कही गई है। फरियादी पक्ष का दावा है कि धमकियों के बाद ही फायरिंग की वारदात हुई। तोमर के मुताबिक 10 सितंबर की दरमियानी रात करीब 2.30 बजे एक एसयूवी से आधा दर्जन से अधिक लोग उनके घर पहुंचे। आरोप है कि बदमाशों ने गेट के बाहर फायरिंग की और जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए।

### फायरिंग के बाद भी धमकियों का सिलसिला जारी रहने का आरोप

**फरियादी पक्ष का कहना है कि फायरिंग के बाद भी फोन पर धमकियां दी जाती रहीं। इसी क्रम में छह कथित ऑडियो रिकॉर्डिंग सामने आई हैं। इनमें से एक में व्यक्ति द्वारा कथित तौर पर कहा गया कि सौरभ चौहान नाम है, जा करवा दे एफआईआर। फरियादी पक्ष ने इन रिकॉर्डिंग को पुलिस के सामने भी रखने की बात कही है। अब इन ऑडियो की जांच से यह स्पष्ट हो सकेगा कि आवाज किसकी है और धमकियों का फायरिंग की घटना से कोई संबंध है या नहीं। फायरिंग की सूचना रात 2.55 बजे एफआईआर को दी गई। इसके बाद करीब 3.30 बजे फरियादी पक्ष रातीबड़ थाने पहुंच गया। फरियादी पक्ष का आरोप है कि इसके बावजूद एफआईआर अगले दिन 11 सितंबर शाम करीब 5 बजे दर्ज की गई। एफआईआर में फिलहाल किसी आरोपी को नामजद नहीं किया गया है। पुलिस मामले में घटनास्थल, वाहन और सामने आए ऑडियो सहित अन्य साक्ष्यों की जांच कर रही है। फरियादी पक्ष ने मामले को लेकर पुलिस कमिश्नर कार्यालय में भी शिकायत की है।**

## भोपाल में स्वाइन फ्लू से इस सीजन की पहली मौत

**भोपाल।** राजधानी में स्वाइन फ्लू के बढ़ते संक्रमण के बीच इस सीजन में पहली मौत सामने आई है। जानकारी के अनुसार मीनाल क्षेत्र निवासी बुजुर्ग राम सिंह की एच1 एन1 संक्रमण के चलते मौत हुई है। सितंबर में संक्रमण के मामलों में अचानक बढ़ोतरी ने स्वास्थ्य विभाग की चिंता बढ़ा दी है। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के मुताबिक भोपाल में अब तक स्वाइन फ्लू की जांच के लिए 232 सैंपल लिए जा चुके हैं। इनमें सितंबर माह में ही 43 लोगों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। वहीं जनवरी से अब तक राजधानी में स्वाइन फ्लू के कुल 65 मरीज सामने आ चुके हैं। सितंबर में पॉजिटिव मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने संक्रमण की स्थिति पर निगरानी बढ़ा दी है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से लोगों से फ्लू जैसे लक्षण दिखाई देने पर लापरवाही नहीं बरतने और समय पर चिकित्सकीय सलाह लेने की अपील की जा रही है। खासकर संक्रमण के लक्षण सामने आने पर समय रहते जांच और उपचार कराने पर जोर दिया जा रहा है।

**आम सभा की सूचना**

श्री गुजराती समाज की निम्न आम सभाएं

*रविवार दिनांक 27.09.2026*

को लिंक रोड नं. 1 स्थित सरदार पटेल भवन पर रखी गई हैं।

1. प्रातः 11:00 बजे अर्द्धवार्षिक आम सभा
2. दोपहर 12:00 बजे असामान्य आम सभा

सभा एवं एजेंडा की सूचना सभी सदस्यों को Whatsapp के माध्यम से भेजी गई हैं।

कोरम के अभाव में विधानानुसार कार्यवाही की जावेगी।

अध्यक्ष-संजय पटेल

**श्री गुजराती समाज, भोपाल**
पंजी.क्र. 65, लिंक रोड नं. 1, भोपाल (म.प्र.)




प्रकाशक सिकंदर अहमद, प्लॉट नं. 192, एवीएन टॉवर, जोन-1, एम.पी. नगर भोपाल-462011 की ओर से सच मीडिया पब्लिकेशन प्रा.लि. द्वारा संपादित, संपादक सिकंदर अहमद और श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 21, सेक्टर-एच, गोविंदपुरा इंडस्ट्रियल एरिया, भोपाल, 462023 (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित
सलाहकार सम्पादक : अशोक तरंगी। समाचार संपादक : चरण सिंह चौहान * समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र भोपाल होगा। आर.एन.आई. रजि. MPHIN/2012/42117, डाक पंजीयन म.प्र./भोपाल/4-460/2024-26, Mail-ID sachexpress013@gmail.com फोन नं. :- 0755-4212853